प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

27.02.2025/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

महाकुंभ

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ कल महाशिवरात्रि के स्नान के साथ समाप्त हो गया। 45 दिन के इस आध्यात्मिक महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। महाकुंभ में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, विदेशी प्रतिनिधि, विभिन्न राज्यों के राज्यपाल और मुख्यमंत्री तथा कई केंद्रीय मंत्री सहित प्रमुख हस्तियों ने पवित्र डुबकी लगाई।

महाकुंभ मेला क्षेत्र में भारतीय वायु सेना के एयर शो के साथ–साथ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा ने श्रद्धालुओं को एक दिव्य अनुभव दिया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी श्रद्धालुओं, संतों और कल्पवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगाकर पूरी दुनिया को राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रवाद के प्रति समर्पण का संदेश दिया है।

मंडी–शिवरात्रि

मंडी का अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव आज भव्य शोभा यात्रा के साथ आधिकारिक रूप से शुरू होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। कल मण्डी में लघु जलेब और शिव की बारात निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 5 मार्च को महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे मंडी ज़िला संवाददाता मुनीष सूद..................

उधर, कांगड़ा ज़िले के बैजनाथ में 5 दिवसीय राज्यस्तरीय शिवरात्रि महोत्सव कल से शुरू हो गया है। इस दौरान इंदिरा गांधी मैदान में शोभा यात्रा निकाली गई जिसकी अगुवाई तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने की। उन्होंने लोगों को शिवरात्रि महोत्सव की शुभकामनाएं दीं और झंडा फैहराने की रस्म अदा की।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते जनजातीय ज़िलों सहित राज्य की ऊंची चोटियों पर बीती रात से रूक–रूक हल्का हिमपात हो रहा है जबकि राजधानी शिमला सहित अन्य भागों में वर्षा का क्रम रूक रूक कर जारी है। मौसम में बदलाव के चलते लाहौल स्पीति, किन्नौर, चंबा और शिमला जिले की कई ऊंची चोटियों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। हिमाचल के ऊपरी इलाकों में ऑरेंज अलर्ट के बीच बुधवार को भारी बर्फबारी–बारिश से अटल टनल सहित दो राष्ट्रीय उच्च मार्ग और 211

सड़कों पर यातायात बंद रहा। लाहौल में एक फीट तक बर्फबारी से जिले के 90 फीसदी गांवों में बिजली ठप्प है।

अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला ज़िला संवाददाता

<u>कर्मचारी</u>

हिमाचल प्रदेश वन विभाग में कई वर्षों से रिक्त पड़े मिनिस्ट्रियल स्टाफ की कमी पर हिमाचल प्रदेश वन बल मुखिया समीर रस्तोगी ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि किसी भी विभाग में कर्मचारी अहम भूमिका निभाते हैं। कल वन विभाग मुख्यायालय के सभागार में हिमाचल प्रदेश कर्मचारी महासंघ की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कर्मचारियों की भारी कमी विभाग की कार्यकुशलता पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश वन विभाग कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष प्रकाश बादल ने कर्मचारियों की अनेक मांगों को बैठक में रखा ।

अब सुर्खिया समाचार पत्रों से

महाकुंभ के समापन्न और मौसम से जुडी खबर को आज सभी समाचार पत्रों ने सचित्र प्रकाशित किया है।

अमर उजाला का शीर्षक–**त्रिवेणी संगम में भक्ति का अविरल निनाद।**

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– **66 करोड लोग 45 दिन चले दुनिया के सबसे बडे आयोजन के गवाह बने, यूपी की जीडीपी में जुडेंगे 4 लाख करोड रूपए, अगला कुंभ नासिक में।**

दैनिक जागरण के शब्द है–**श्रद्धालुओं से दमका संगम तट, उल्लास की लहरों में डुबकी।**

दिव्य हिमाचल लिखता है–**महाशिवरात्रि पर महाकुंभ में आखिरी दिन आस्था का महासैलाब।**

मौसम पर हिमाचल दस्तक का शिर्षक है– **पहाडों पर हिमपात, निचले क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश से लुढका पारा।**

———————————————————